# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

सत्यमेव जयते

## ई-पत्रिका


# जुलाई 2022




**डॉ. पी.डी. वाघेला, अध्यक्ष, भादूविप्रा ने 19-21 जुलाई, 2022 तक 22वीं एपीटी नीति और नियामक फोरम (पीआरएफ -22) के दौरान "विनियामक ढांचे की नई अवधारणा की ओर" सत्र में वर्चुअल माध्यम से विचार साझा किए।**

# 1. परामर्श पत्र

**1.1 भादूविप्रा ने "आरआरटीएस कॉरिडोर के ट्रेन नियंत्रण प्रणाली पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की स्पेक्ट्रम आवश्यकताओं" पर परामर्श पत्र जारी किया।**



दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने अपने पत्र दिनांक 29 नवंबर 2021 के माध्यम से भादूविप्रा को सूचित किया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने डीओटी से क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के लिए 8 रेल कॉरिडोर में एनसीआरटीसी द्वारा कार्यान्वित की जा रही ट्रेन नियंत्रण प्रणाली के स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए अनुरोध किया है, जिसमें दिल्ली-गाजियाबाद मेरठ, दिल्ली-गुरग्राम-अलवर, दिल्ली-पानीपत के फेज-1 के साथ लगभग 350 किलोमीटर लंबाई के 3 रेल कॉरिडोर शामिल हैं।

2. इस संदर्भ में, दूरसंचार विभाग ने भादूविप्रा से निम्नलिखित मदों को प्रदान करने का अनुरोध किया हैं:

(i) 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में एनसीआरटीसी की अलग स्पेक्ट्रम आवश्यकताओं के लिए एनसीआरटीसी को स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक असाइनमेंट और मात्रा, मूल्य निर्धारण/चार्जिंग और किसी भी अन्य नियम और शर्तों पर अनुशंसाए।

(ii) अन्य आरआरटीएस / मेट्रो रेल नेटवर्क पैन-इंडिया के लिए समान स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट सहित इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त समझी जाने वाली कोई अन्य अनुशंसाए।

3. इस संबंध में, "आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए ट्रेन नियंत्रण प्रणाली पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की स्पेक्ट्रम आवश्यकताएं" पर एक परामर्श पत्र दिनांक 9 जून 2022 को जारी किया गया था जिसमें हितधारकों से सुझाव मांगे गए थे और इसे भादूविप्रा की वेबसाइट (www.trai.gov.in) पर रखा गया है। परामर्श पत्र के माध्यम से, हितधारकों के विचारार्थ विषय पर विशिष्ट मुद्दों को उठाया गया है। परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर क्रमशः 14 जुलाई 2022 और 28 जुलाई 2022 तक हितधारकों की लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को आमंत्रित किया गया था।

https://trai.gov.in/sites/default/files/CP_09062022.pdf

# 2. घटनाएँ

1. **1 जून 2022 को डब्ल्यूएसआईएस (सूचना समाज पर विश्व शिखर सम्मेलन) फोरम 2022 के दौरान उच्च स्तरीय नीति सत्र:**

डॉ. पीडी वाघेला, अध्यक्ष, भादूविप्रा ने दिनांक 1 जून 2022 को डब्ल्यूएसआईएस (सूचना समाज पर विश्व शिखर सम्मेलन) फोरम 2022 के दौरान उच्च स्तरीय नीति सत्रों में 'सबके लिए सूचना और ज्ञान का समावेश - डिजिटल अंतर को कम करने पर अपने विचार व्यक्त किए।



## 2. 1 जून 2022 को डी2एम ब्रॉडकास्ट और 5जी ब्रॉडबैंड कन्वर्जेंस का रोडमैप:

भादूविप्रा के अध्यक्ष डॉ. पी.डी. वाघेला ने 1 जून 22 को आईआईटी कानपुर, प्रसार भारती और टीएसडीएसआई द्वारा आयोजित भारत के लिए डी2एम ब्रॉडकास्ट और 5जी ब्रॉडबैंड कन्वर्जेंस रोडमैप सम्मेलन पर मुख्य भाषण दिया था।



**3. 6 जून 2022 का सीडीओटी का दौरा:**

डॉ. पी. डी. वाघेला, अध्यक्ष, भादूविप्रा ने भारत की स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के लिए सी डाट का दौरा किया और आत्मनिर्भर भारत के लिए अनुसंधान को प्रोत्साहित किया और 6 जून 2022 को प्रासंगिक हितधारकों के सहयोग से स्वदेशी दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नए विचारों की पेशकश की।



## 4. 15 जून 2022 को "प्रसारण क्षेत्र के लिए सीएएस और एसएमएस के लिए टेस्ट गाइड दस्तावेज़" का विमोचन किया गया

भादूविप्रा और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी) ने 15 जून 2022 को " प्रसारण क्षेत्र के लिए कंडीशनल एक्सेस सिस्टम (सीएएस) और सब्सक्राइबर मैनेजमेंट सिस्टम्स (एसएमएस) के लिए टेस्ट गाइड दस्तावेज़" को जारी किया था। टेस्ट गाइड दस्तावेज का विमोचन सचिव (एमआईबी) और सचिव (दूरसंचार) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख प्रसारणकर्ता और डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म ऑपरेटर्स (डीपीओ), विशेषज्ञ निकायों जैसे सी-डैक, एसटीक्यूसी, बेसिल, टीईसी और मीडिया के प्रतिनिधियों सहित उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।






## 5. 21 जून 2022 को भादूविप्रा मुख्यालय, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण कार्यालय में 21 जून 2022 को आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। सचिव, भादूविप्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित रहकर "मानवता के लिए योग" के लिए सामान्य योग अभ्यास किया। भादूविप्रा मुख्यालय में सामान्य योग शिष्टाचार (प्रोटोकॉल) का पालन किया गया था विशेष रूप से शारीरिक दूरी के मानदंडों और बुनियादी सुरक्षात्मक उपायों का पालन किया गया था। साथ ही आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में भी सामान्य योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




### 6. दिनांक 21 से 23 जून 2022 के दौरान एसटीएआरसी कार्यदल की बैठक:

भादूविप्रा ने 21 से 23 जून 2022 तक भादूविप्रा मुख्यालय, नई दिल्ली में 'स्पेक्ट्रम' पर दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी) कार्यदल की बैठक का नेतृत्व किया। बैठक में दूरसंचार और आईसीटी क्षेत्र की नीति, विनियमन और सेवा विकास से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए क्षेत्र में विभिन्न सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम प्रबंधन, निगरानी, साझाकरण और स्पेक्ट्रम के समन्वित कुशल उपयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस कार्यदल की अध्यक्षता भादूविप्रा के प्रधान सलाहकार श्री एस.टी. अब्बास ने की। बैठक में बांग्लादेश, भूटान, भारत, ईरान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के प्रतिभागियों ने भाग लिया।



### 7. मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों और सामुदायिक रेडियो सेवा प्रदाताओं, राजस्थान के साथ 30 जून 22 को बैठक:

भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर ने 30 जून 2022 को जयपुर में राजस्थान मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों और सामुदायिक रेडियो सेवा प्रदाताओं के साथ एक बैठक आयोजित की। श्री एस एस चांडक, सलाहकार जयपुर और श्री अनिल कुमार, सलाहकार (बी एंड सीएस) भादूविप्रा, नई दिल्ली ने सभा को संबोधित किया और प्रश्नों के उत्तर दिए।"



# 3. टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन

## 3.1 31 मई 2022 तक टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन डेटा।

| विवरण | वायरलेस | वायरलाइन | कुल |
|---|---|---|---|
| शहरी टेलीफोन सब्सक्राइबर्स ( मिलियन) | 624.55 | 23.26 | 647.81 |
| ग्रामीण टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 520.96 | 1.97 | 522.92 |
| कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | **1145.50** | **25.23** | **1170.73** |
| कुल टेली-घनत्व (%) | 83.20 | 1.83 | 85.03 |
| शहरी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 54.52 | 92.21 | 55.33 |
| ग्रामीण सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 45.48 | 7.79 | 44.67 |
| ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या (मिलियन) | 766.58 | 28.10 | 794.68 |

मई 2022 में पीक वीएलआर की तारीख को 1017.68 मिलियन सक्रिय वायरलेस सब्सक्राइबर थे। मई 2022 में, एमएनपी के लिए 7.97 मिलियन सब्सक्राइबर अनुरोध किए गए थे। मई 2022 के अंत तक, कुल 705.54 मिलियन उपभोक्ताओं ने इसके कार्यान्वयन के बाद से एमएनपी सुविधा का लाभ उठाया है।

## 3.2 लेखा परीक्षकों का पैनल:

भादूविप्रा समय-समय पर डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम को चलाने के लिए लेखापरीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी करता है। इस संदर्भ में, भादूविप्रा ने 23 जून 2022 को लेखा परीक्षकों के पैनल के लिए अद्यतन सूची जारी की है।

3.3 मुख्य रूप से बुके के निर्माण में दी गई छूट, बुके में शामिल करने के लिए चैनलों की अधिकतम कीमत, और वितरण शुल्क के अलावा डीपीओ को प्रसारकों द्वारा दी जाने वाली छूट से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए जारी परामर्श प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए, भादूविप्रा ने 1 जून 2022 को नए विनियामक ढांचे के कार्यान्वयन के लिए समय सीमा बढ़ाने पर निम्नानुसार एक पत्र जारी किया है:

क. सभी प्रसारणकर्ता 31 अगस्त 2022 तक नए विनियामक ढांचे 2020 के अनुसार, चैनलों के नाम, प्रकृति, भाषा, अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) प्रति माह चैनलों के बुके और चैनलों के बुके के एमआरपी में किसी भी बदलाव के बारे में प्राधिकरण को सूचित करेंगे और साथ ही इस तरह की जानकारी को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेंगे।

ख. सभी डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म ऑपरेटर 30 सितंबर 2022 तक नए विनियामक ढांचे 2020 के अनुसार प्राधिकरण को, पे चैनलों के डिस्ट्रीब्यूटर रिटेल प्राइस (डीआरपी), पे चैनलों/फ्री-टू-एयर चैनलों के बुके की संरचना और पे चैनलों के बुके के डीआरपी के बारे में सूचित करेंगे और साथ ही इस तरह की जानकारी को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेंगे।

ग. इसके अलावा, टेलीविजन चैनलों के सभी वितरकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 30 नवंबर 2022 से केवल ग्राहकों द्वारा चुने गए बुके या चैनलों के अनुसार ग्राहकों को सेवाएं प्रदान की -जायें ।

## 4. उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम

**4. उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम का आयोजन जून 2022 के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता द्वारा ऑनलाइन मंच के माध्यम से किया गया था:**

| क्र.सं. | स्थान | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | मेघालय और मिजोरम | 30 जून 2022 |






*इस पत्रिका में उल्लिखित निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सदस्यता डेटा आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है।*
*www.trai.gov.in*
*महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली- 110002*

*हम फेसबुक पर भी हैं! हमसे जुड़ें*
*https://www.facebook.com/TRAI/*
*हम ट्विटर पर भी हैं! फॉलो करें ! TRAI@TRAI*